‘अमृत भारत स्टेशन योजना’ के तहत पिस्का स्टेशन का चयन

चर्चा में क्यों?

6 नवंबर, 2023 को दक्षिण पूर्व रेलवे के उपमहाप्रबंधक पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि झारखंड की राजधानी राँची का पिस्का रेलवे स्टेशन का चयन ‘अमृत भारत स्टेशन योजना’ के तहत किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- पिस्का रेलवे स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, अच्छी छत के साथ लिफ्ट व अन्य कई अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।
- क्या है अमृत भारत स्टेशन योजना?
  - अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के अलग-अलग प्रदेशों में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। इस योजना के तहत देश के 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास होना है, जिनमें राजस्थान में 83, गुजरात में 87, मध्य प्रदेश में 80 और हरियाणा में 34 स्टेशन शामिल हैं।
  - हालांकि पहले चरण में 508 स्टेशनों पर ही काम किया जाएगा। इनके पुनर्विकास पर सरकार लगभग 24470 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/amrit-bharat-station-scheme-2